Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 117 ▫ रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




## मारे गए नक्सलियों के शव को एयरलिफ्ट लिफ्ट से लाया गया



**नारायणपुर,** 22 मई (हाईवे चैनल)। अबूझमाड़ जंगल में मुठभेड़ में मारे गए बसव राजू समेत 27 नक्सलियों के शव को एयरलिफ्ट कर नारायणपुर जिला मुख्यालय लाया गया. जिला मुख्यालय में नक्सल ऑपरेशन से जुड़े तमाम बड़े अधिकारी भी इस वक्त मौजूद हैं. ऑपरेशन से जुड़ी जानकारियां अधिकारियों की ओर से मीडिया को दी जाएगी.

ऑपरेशन से जुड़ा हुआ एक और वीडियो भी ग्राउंड जीरो से सामने आया है, जिसमें नक्सलियों के शव को बरामद करने के बाद जवान सफलता का जश्न मना रहे हैं. बता दें, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अबूझमाड़ में नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन चल रहा था. 19 मई 2025 को अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादी नेताओं की उपस्थिति के पुख्ता इनपुट के आधार पर अलग-अलग जिलों की डीआरजी की टीमें सर्चिंग अभियान में निकली हुई थीं. इसी दौरान 21 मई की सुबह माओवादी दस्ते ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू की, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने साहसपूर्वक और रणनीतिक तरीके से कार्रवाई करते हुए माओवादी महासचिव और शीर्ष नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु, बीआर दादा, गगन्ना समेत 27 नक्सलियों का ढेर कर दिया.

### बीजापुर में 5 नक्सलियों को फिर किया ढेर, दो जवान घायल

इधर शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु को एक दिन पहले मार गिराने के बाद भी सुरक्षाबल का अभियान जारी है. गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगलों में जारी मुठभेड़ में डीआरजी ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है. इस दौरान दो जवानों के घायल होने की खबर है. वहीं नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया है.

## पीएम मोदी ने 'अमृत भारत' के तहत छत्तीसगढ़ के 5 नए रेलवे स्टेशनों सहित 103 का उद्घाटन



**नई दिल्ली,** 22 मई (न्यूज चैनल)। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज यानि 22 मई को राजस्थान से एक बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बने। उन्होंने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 103 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। ये सभी स्टेशन %अमृत भारत स्टेशन योजना% का हिस्सा हैं। इनका मुख्य लक्ष्य भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाना है। इस योजना के तहत देश भर में 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं और स्थानीय वास्तुकला को ध्यान में रखते हुए आधुनिक परिवहन केंद्रों में बदला जाएगा।

1100 करोड़ की लागत से किया 86 जिलों में स्टेशनों का कायाकल्प-

लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किए गए ये 103 स्टेशन कुल 86 जिलों में फैले हुए हैं। इनमें आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के छोटे-बड़े, सभी प्रकार के स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों को बेहतर यात्री सुविधाएं, दिव्यांगजनों के लिए सुगमता और स्थानीय संस्कृति से जुड़े डिजाइन के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है।

नई ट्रेन को हरी झंडी और कई रेल परियोजनाओं की सौगात-

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने नई बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही, उन्होंने 58 किलोमीटर लंबी चूरू-सादुलपुर रेल लाइन की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने सूरतगढ़-फलोदी (336 किमी), फुलेरा-डेगाना (109 किमी), उदयपुर-हिम्मतनगर (210 किमी), फलोदी-जैसलमेर (157 किमी) और समदड़ी-बाड़मेर (129 किमी) सहित कई प्रमुख रेलवे खंडों के विद्युतीकरण परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया।

वहीं पीएम ने 4850 करोड़ रुपये की लागत वाली 7 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से न केवल सैन्य गतिशीलता में सुधार होगा, बल्कि संबंधित क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को भी काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह कदम देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर स्टेशन

**रायपुर,** 22 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के लिए आज का दिन बेहद खास रहा। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित प्रदेश के 5 स्टेशनों का लोकार्पण किया। इन स्टेशनों में डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर स्टेशन शामिल. वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन स्टेशनों का लोकार्पण किया। उरकुरा स्टेशन पर सुबह 9.30 बजे लोकार्पण किया गया.

## ब्रेकिंग न्यूज

### अमेरिका में इजराइली दूतावास में 2 कर्मचारियों की हत्या

**नई दिल्ली,** 22 मई (न्यूज चैनल)। अमेरिका में वाशिंगटन स्थित इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की बुधवार शाम एक यहूदी संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम से बाहर निकलते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी और बताया कि इस घटना के संबंध में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया जिसने फिलीस्तीन को आजाद करो के नारे लगाए। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह वाशिंगटन में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की भयावह, यहूदी विरोधी शर्मनाक गोलीबारी से स्तब्ध हैं। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने दुनिया भर में इजरायली मिशनों को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कैपिटल यहूदी संग्रहालय में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एक पुरुष और एक महिला वहां से बाहर निकल रहे थे तभी 30 वर्षीय संदिग्ध चार लोगों के समूह के पास पहुंचा और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

### द्वारका एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत, 10 घायल

नई दिल्ली, 22 मई (न्यूज चैनल)। दिल्ली के द्वारका सेक्टर-23 फ्लाईओवर के पास मजदूरों को ले जा रहे एक टेम्पो के पलटने से बुधवार अपराह्न दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब 22 मजदूरों को निजामुद्दीन से मानेसर ले जा रहे वाहन का पिछला टायर फट गया। मृतकों में 26 वर्षीय महिला रंजीत और उसकी बेटी शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि द्वारका सेक्टर-नौ और द्वारका सेक्टर 20/21 के बीच सड़क पर एक घातक दुर्घटना के बारे में अपराह्न तीन बजकर 54 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष में सूचना मिली।




चूहा- सुनती हो, सुप्रीम कोर्ट ने कमरे भर नोटधारी न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है।
चुहिया- हां जी, मुकदमा दर्ज करने में क्या हर्ज था। अगर वह पाक साफ होगा तो छूट ही जाएगा।

## दो ट्रेलर और कार की भिड़ंत में चालक जिंदा जला, पांच घायल



**खरोरा,** 22 मई (हाईवे चैनल)। रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर बुधवार रात करीब 9 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें दो ट्रेलरों की आमने-सामने टक्कर हो गई और एक इको कार ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई और उसमें सवार ड्राइवर जिंदा जल गया। मृतक की पहचान सेवक साहू निवासी गोंडा के रूप में हुई है।

घटना पलारी थाना क्षेत्र के जा संडी-कोदवा के बीच की है। जानकारी के अनुसार एक ट्रेलर रायपुर से बलौदाबाजार की ओर जा न रहा था, जबकि दूसरा ट्रेलर बलौदाबाजार से रायपुर की ओर आ को रहा था। आमने-सामने की भिड़ंत के बाद पीछे से आ रही इको कार भी एक ट्रेलर से जा भिड़ी और उसमें आग लग गई। कार में बैठे अन्य यात्री किसी तरह बाहर निकाले गए, जो गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में दोनों ट्रेलर के चालक भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को रायपुर रेफर. किया गया है। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते हीको पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। हालांकि, घटना के एक घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। हादसे में एक ट्रेलर और इको कार पूरी तरह जल गई हैं। प्रशासन ने घटना स्थल पर स्थिति नियंत्रण में कर ली है, लेकिन इस दर्दनाक हादसे ने स्थानीय लोगों को दहला दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जमीन विवाद के चलते परिवार में खूनी संघर्ष जानलेवा हमले के बाद 1 की मौत, 1 घायल



### पुलिस ने 3 आरोपियों को लिया हिरासत में

**बिलासपुर/रायपुर,** 22 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से लगे गांव हरदीकला-टोना में बीती रात जमीनी विवाद को खूनी संघर्ष हो गया. गांव में रहने वाले साहू परिवार में पैतृक संपत्ति पर कब्जे को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद कल इतना बढ़ा कि दोनों के परिवारों के बीच लोगों में जमकर मारपीट हो गई. इस घटना के बाद घायल 2 लोगों में से 1 ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया. वहीं 1 की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है, जिसका इलाज फिलहाल जारी है.

जानकारी के मुताबिक, यह मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है. यहां के निवासी वेदराम साहू और सुनील साहू के परिवार में पैतृक जमीन को लेकर विवाद काफी समय से विवाद चल रहा है. लेकिन बीती रात यह विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया. दोनों पक्षों में हुई बहस ने हिंसक रूप ले लिया, और एक पक्ष ने लाठी-डंडा और सब्बल से दूसरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया. इस हमले में गीता साहू और उसके छोटे भाई वेदराम साहू को गंभीर चोटें आई. उन्हें इलाज के लिए बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल लाया गया. अस्पताल में उपचार के दौरान गीता साहू की मौत हो गई. वहीं वेदराम साहू की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है. मामले में सिरगिट्टी पुलिस ने आरोपी सुनील साहू समेत 3 लोगों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।

## छत्तीसगढ़ी गानों में अश्लीलता के खिलाफ सड़क पर उतरे कलाकार, थाने के बाहर प्रदर्शन, 22 के खिलाफ शिकायत



**रायपुर,** 22 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ी गानों में अपसंस्कृति और अश्लीलता को लेकर राज्य के कलाकारों में गहरी नाराजगी है. छालीवुड में बढ़ते इस विकृति को रोकने के लिए कलाकार अब सड़क पर उतर आए हैं. बुधवार की रात बड़ी संख्या में गीतकारों ने, गायकों ने, कवियों ने और युवाओं ने सिविल लाइन थाने के बाहर प्रदर्शन किया. छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने भी इस प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया और अश्लीलता परोसने वाले 22 गीतकार, गायक, कलाकार, निर्माता के खिलाफ थाने में शिकायत की है.

राज्य अलंकरण पुरुस्कार प्राप्त, प्रदेश के नामचीन कवि और गीतकार मीर अली मीर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति का अपना गौरवशाली इतिहास है. यहां की भाषा, यहां की कला और संस्कृति गीतों और फिल्मों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाता है. उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृति विरासत को दिखाने का प्रयास किया जाता है. लेकिन कुछ कुमानसिकता के कलाकारों और लोगों की वजह से छालीवुड को बदनाम करने की साजिशें भी हो रही हैं.

## 194 देशों के सामने सीना तानकर बोला भारत आतंक को बढ़ावा दिया तो पाकिस्तान को फिर ठोकेंगे

**नई दिल्ली,** 22 मई (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती एक बार फिर भारत के द्वारा कर दी गई है। पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा कर रहा है। ऐसे में डब्ल्यूएचओ के मंच से ऐसा ही पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ झूठा प्रचार करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने पाकिस्तान के आतंकवाद का सच पूरी दुनिया के सामने लाकर रख दिया। भारतीय राजनयिक अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान पर सीधा हमला बोलते हुए पाकिस्तान के जिहादी आतंकवाद की पोल खोल कर रख दी है।

भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में पाकिस्तान को कड़ा जवाब देते हुए आतंकवाद को बढ़ावा देने में उसकी भूमिका को उजागर किया है। जिनेवा में डब्ल्यूएचओ मुख्यालय में बोलते हुए भारतीय राजनयिक अनुपमा सिंह ने भारत के जवाब के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की और कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को जन्म देता है, वह इसका शिकार होने का दिखावा नहीं कर सकता।

उन्होंने आगे कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद के प्रायोजक और आयोजक पाकिस्तानी धरती से काम करते हैं। जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जो सटीक, आनुपातिक था और पाकिस्तान के अंदर आतंकी ढांचे पर केंद्रित था। भारत की सहनशीलता प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए कि उनके नागरिकों को न तो निशाना बनाया जाए और न ही उन्हें नुकसान पहुंचाया जाए। बल्कि, केवल पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों और उनके जाने-माने ठिकानों को ही निशाना बनाया जाए।

### यूएई में शीर्ष नेतृत्व से मिला भारतीय प्रतिनिधिमंडल, पाकिस्तान को किया बेनकाब

शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त अरब अमीरात के सहिष्णुता और सह-अस्तित्व मंत्री शेख नाहयान मबारक अल नाहयान से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, ढ्ढरू सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा सांसद अतुल गर्ग, बीजद सांसद सस्मित पात्रा, भाजपा के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील मनन कुमार मिश्रा, भाजपा नेता एस.एस. अहलूवालिया और राजदूत सुजान चिनॉय शामिल हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल अपने विदेश दौरों पर विदेश मंत्रालय के अधिकारियों, सांसदों और थिंक टैंक से मिलेंगे। इन बैठकों में हमारे सांसद आतंकवाद पर हमारी सरकार की नीति और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मुद्दा उठाएंगे।

### डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल रवाना

इधर डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को प्रदर्शित करने के लिए रूस और स्पेन समेत 5 अन्य देशों के दौरे पर जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य आरजेडी सांसद प्रेम चंद गुप्ता ने कहा, हमारा मुख्य मुद्दा पाकिस्तान के झूठे प्रचार को उजागर करना है जो वो लंबे समय से चलाते आ रहे हैं और ये उनकी पुरानी आदत है। और हमें अपना पक्ष रखना है। पूरी दुनिया आतंकवाद से त्रस्त है और पाकिस्तान अपनी फैक्ट्री चला रहा है।